# दैनिक क्रांति समय

RNI.No. : GUJHIN/2018/75100

संपादक : सुरेश मौर्या मो. 9879141480

E-mail: krantisamay@gmail.com

सूरत, वर्ष: 1 अंक: 236, शुक्रवार, 21 सितम्बर, 2018, पेज: 4, मुल्य 1 रु.

रजीस्ट्रड ऑफिस:- 191 महादेव नगर, हरि नगर-2 के पीछे, उधना, जिला-सूरत, गुजरात

Email: krantisamay@gmail.com Web site : www.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



**क्रांति समय**
हिन्दी दैनिक अखबार में विज्ञापन, प्रैस नोट, जन्म दिन की शुभकामनाएँ, या अपने विस्तार में किसी भी समस्या को अखबार में प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें:-
बी-4 घंटी वाला कॉम्पलेक्ष उधना तीन रास्ता, उडुप्पी होटल के बगल में, सूरत-394210
मो. 9879141480

**क्रांति समय**
हमारे यहां पर एल.आई.सी., कार-बाईक-ट्रक का इन्सयोरेंशन, रेल टिकट, एयर टिकट बनवाने के लिए संपर्क करें:-
बी-4 घंटी वाला कॉम्पलेक्ष उधना तीन रास्ता, उडुप्पी होटल के बगल में, सूरत-394210
मो. 8980974047


## सार समाचार

### सीबीएसई टॉपर अनुष्का, पैरा एथलीट स्वेता को गुरुग्राम अचीवर्स अवार्ड

**गुड़गांव।** गुरुग्राम की 36 हस्तियों को मंगलवार को गुरुग्राम अचीवर्स अवार्ड-2018 से नवाजा गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सीबीएसई 10वीं में दिव्यांग श्रेणी में नेशनल टॉपर बनी अनुष्का पांडा सबसे कम उम्र की रही। पैरा एथलीट स्वेता शर्मा को भी इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गोल्फ रोड स्थित ओरना कवेंशन सेंटर में गारनेट एंड गोल्ड संस्था की ओर से आयोजित इस सम्मान समारोह में 17 क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। पद्मश्री से सम्मानित कत्थक नृत्यांगना शोभना नारायण, पद्मश्री और अर्जुन अवॉर्ड विजेता पैरालंपियन दीपा मलिक, पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. नरेश त्रेहन को गुरुग्राम रत्न के तौर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कत्यक नृत्यांगना शोभना नारायण ने किया। इस मौके पर नोएडा फिल्म सिटी के संस्थापक संदीप मारवाह और नरेन्द्र भाष्कर मौजूद रहे। संस्था की निदेशक जैकलीन जिंदल ने बताया कि यह पुरस्कार न सिर्फ अच्छे काम के लिए प्रेरित करता है बल्कि हौसलाअफ्जाई भी करता है।

**इन्हें भी मिला सम्मान**

गुरुग्राम नगर निगम में संयुक्त आयुक्त विवेक कालिया, डीसीपी ट्रैफिक सुलोचना गजराज, फोटोग्राफर आदित्य आर्या, कबड्डी टीम के कप्तान अनूप कुमार समेत गुरुग्राम मॉम्स की संस्थापक नीला कौशिक, राहगीरी की संस्थापक सारिका पांडा, अर्थ सेवियर फाउंडेशन के संचालक रवि कालरा, मेदांता के डॉ. शुभांक सिंह के साथ एलजीबीटी के लिए काम करने वाली रीना राय को सम्मानित किया गया।

**दीपा मलिक प्रेरणास्त्रोत**

पैरा एथलीट स्वेता शर्मा ने पैरालंपियन दीपा मलिक को अपना आदर्श और प्रेरणास्त्रोत बताया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ओशो कालिया को भी सम्मानित किया गया।

### हरियाणा के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में समोसे-बर्गर व चाउमीन बेचे जाने पर रोक लगी

**फरीदाबाद। एजेंसी।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी तथा प्राइवेट स्कूलों में फास्ट फूड की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरकार ने फास्ट फूड के साथ-साथ समोसे, बर्गर व चाउमीन बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके लिए सभी जिलों के डीसी, डीईओ तथा बीईओ को नोटिस जारी कर फास्ट फूड पर प्रतिबंध लागू करने के आदेश दिए हैं। इन आदेशों के अनुसार, स्कूलों की कैंटीन में समोसे, बर्गर, चाउमीन नहीं बनेंगे। इतना ही नहीं, बाहर से बनी इस प्रकार की खाद्य सामग्री भी स्कूल में नहीं बेची जा सकेगी। सरकार का मानना है कि इस प्रकार की खाद्य सामग्री से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर होता है।

### स्वच्छता दूत-16: दिल्ली में नशेड़ियों के अड्डे को खूबसूरत पार्क में बदल डाला

**नई दिल्ली।** जीटीबी एंक्लेव के नर्सरी पार्क में जहां दो साल पहले तक नशेड़ियों और आवारा पशुओं का अड्डा था, अब हर तरफ हरियाली है, सैर के लिए ट्रैक है और खेलने के लिए टेनिस कोर्ट। यह बदलाव संभव हो पाया एक मल्टी मीडिया कंपनी में मैनेजर दस्तार सिंह चौहान और उनकी संस्था जीवन रक्षा बल वेलफेयर सोसायटी के प्रयास से। इस बदलाव की कहानी सुनाते हुए दस्तार बताते हैं कि साल 2016 में एक दिन उन्होंने कॉलोनी के ही एक बुजुर्ग को बदहाल पार्क में पौधे लगाते देखा। लेकिन अगले ही दिन ये पौधे जानवरों ने नष्ट कर दिए। इसे देखदस्तार सिंह ने पार्क को पूरी तरह विकसित करने की ठान ली। सबसे बड़ी चुनौती सुबह से आधी रात तक जमे रहने वाले नशेड़ियों से पार्कको मुक्त कराना था। उन्होंने अपनी संस्था के कार्यकर्ताओं के साथ सबसे पहले पार्कको मुक्त कराकर पौधरोपण शुरू किया। जल्द ही पूरा पार्कहरी घास और पौधों से सज गया। पार्क की सूरत बदली तो लोगों का नजरिया भी बदला। अब यहां नंदनगरी, दिलशाद गार्डन और आसपास के इलाकों के लोग सैर करने आते हैं। दस्तार पार्क की पहरेदारी करने के साथ-साथ सुबह शाम इसकी सफाई भी करते है। हाल ही पार्क में शौचालय भी बनाया गया है, जो जल्द चालू हो जाएगा। .

**विरोध=प्रदर्शन**

बिहार की राजधानी पटना में बुधवार को पेट्रोलियम उत्पादों में बेतहाशा मूल्यवृद्धि के खिलाफ 'हम' कार्यकर्ताओं ने राजभवन तक मार्च किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिसकर्मियों से झूमा-झटकी भी हुई। इस दौरान पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज भी किया।




## कानून का उल्लंघन करने में मेरा कतई विश्वास नहीं : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद एवं दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा है कि कानून का उल्लंघन करने में उनका कतई विश्वास नहीं है, लेकिन गैर-कानूनी ढंग से लोगों को तंग किए जाने को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तिवारी ने अपने संसदीय क्षेत्र के गोकलपुर में एक मकान की सील को कथित रूप से तोड़े जाने पर सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान लेने के मामले में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सील तोड़ने के मामले में संज्ञान लेते हुए कहा है कि क्यों न उन पर अवमानना की कार्रवाई की जाए।

कोर्ट ने तिवारी को 25 सितम्बर को इस मामले में तलब किया है। उन्होंने कहा कि राजनीति में पहले दिन से उनकी स्पष्ट सोच रही है कि संविधान का अक्षरस पालन करेंगे, लेकिन कानून के दुरुपयोग को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। तिवारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की तरफ से अभी उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला है। नोटिस मिलने पर वह सलाह मशविरा करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिस परिसर की सील तोड़ने पर उन्हें आवमानना के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तलब किया है। उस परिसर को गैर कानूनी ढंग से सील किया गया। वह डेयरी नहीं थी। लाल डोरा परिसर में बसा घर है और गांव में दो भैंस रखने की छूट है। उन्होंने कहा कि भेदभाव कर सीलिंग किए जाने का पुरजोर विरोध और सीलिंग के नाम भ्रष्टाचार को कतई सहन नहीं किया जाएगा।

## बीमा के नाम पर बुजुर्गों से ठगे सात करोड़ रुपए, महिला समेत 2 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बीमा पर अप्रत्याशित लाभ दिलाने का झांसा देकर बुजुर्ग से सात करोड़ रुपए की ठगी में पुलिस ने एक महिला समते दो लोगों के गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रेणु और मधुवेंद्र के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक मौर्या एंक्लेव थाना में 20 अप्रेल 2016 की डीयू के अवकाश प्राप्त शिक्षक की तरफ से उनकी बेटी उर्वशी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के अनुसार पीड़ित गिरधारी राजदान से बीमा के नाम 1.21 करोड़ रुपए की ठगी की गई थी। इसके बाद पुलिस ने धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। इसके बाद मामले की जांच के लिए स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर सतविंदर राणा के नेतृत्व में एसआई आनंद की टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी सर्विलांस के आधार पर दोनों आरोपियों रेणु और मधुवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से 13 कंपनियों के 15 बैंक खाते, विभिन्न कागजात और अन्य दस्तावेज बरामद किए। पुलिस ने जब बैंक खातों की जांच की तो पता चला कि आरोपियों ने करीब 100 लोगों से सात करोड़ रुपए की ठगी की है। पुलिस को गुरुग्राम और गाजियाबाद से भी तीन शिकायतें मिली है।

**ठगी की रकम के लिए बैंक खाते देने वाला गिरफ्तार-**

क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को ठगी की रकम जमा करने के लिए बैंक खाते मुहैया कराने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुंदर के रूप में हुई है। आरोपी सुंदर पर भोपाल पुलिस ने दस हजार रुपये का ईनाम भी घोषित कर रखा है। जानकारी के अनुसार, पटेल नगर निवासी जॉय परेरा ने अखबारों में दो फीसदी ब्याज दर पर कर्ज मुहैया कराने वाला विज्ञापन देखकर संबंधित लोगों से सम्पर्क किया था। इस दौरान प्रोसेसिंग शुल्क के नामपर उनसे 81 हजार रुपये बैंक खाते में जमा करवाए गए, लेकिन उन्हें कर्ज नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने थाने में शिकायत दी। मामले में पुलिस ने पहले ही तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन बैंक खाते मुहैया कराने वाले की तलाश की जा रही थी।

**20% कमीशन पर खाते किराए पर देता था:**

जांच के दौरान हेडकांस्टेबल सुधाकर को सूचना मिली कि बैंक खाते को मुहैया कराने वाला सुंदर गाजियाबाद में छिपा हुआ है। इसी सूचना पर पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह फर्जी कागजों के आधार पर बैंक खाते खुलवाता था और 20 फीसदी कमीशन पर खातों को किराए पर देता था।

**नासा सूट से लेकर डॉलर बनाने वाला कागज तक बिक रहा**

राजधानी दिल्ली ठगों का अड्डा बनती जा रही है। बीते मंगलवार ही ओएनजीसी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। खास बात यह है कि ये लोग मंत्रालय में अधिकारी के दफ्तर में बैठकर इंटरव्यू लेते थे। इतना ही नहीं, दिल्ली में नासा के सूट से लेकर कैंसर का इलाज करने वाली दुर्लभ जड़ी बूटी, केमिकल और पारे का पाउडर जिससे कागज डॉलर में बदल जाता है, जैसे पैंतरों से ठग लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। ठगने के लिए आजमाए जा रहे इन तरीकों ने पुलिस को भी परेशान कर रखा है।

**लॉटरी-**

करीब दो साल पहले पुलिस स्टेशनों में लोगों से लॉटरी के नाम पर धोखाधड़ी के मामलों की बाढ़ सी आ गई थी। इसमें ठगों की ओर से पीड़ित को भेजे ई-मेल में उसके द्वारा एक लॉटरी जीतने का झांसा दिया जाता था।

**क्रिप्टो करंसी-** पुलिस के अनुसार, राजधानी में क्रिप्टो करंसी के नाम पर कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा चुका है। पिछले एक साल में पांच से छह नकली क्रिप्टो करंसी के मामले सामने आए हैं।

**मोबाइल टावर-** लोगों के घरों में मोबाल टावर लगाने के नाम पर ठगने के कई मामले सामने आ चुके हैं। इसमें ठग पीड़ित को मोटी कमाई का लालच दिखाते हैं और उसके मकान के ऊपर मोबाइल फोन टावर लगाने का झांसा देते। फिर टावर लगाने से पहले सुरक्षा राशि के नाम पर एक रकम जमा करने को कहते और पीड़ित द्वारा दी रकम लेकर फरार हो जाते।

**राइस पुलर-**

राइस पुलर के नाम पर एक व्यापारी से करीब डेढ़ करोड़ रुपये ठग लिए गए थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने वैज्ञानिकों द्वारा पहने जाने वाला नकली एंटी रेडिएशन सूट व अन्य उपकरण बरामद किए थे। शातिर बदमाशों ने व्यापारी को बताया था कि सूट को उन्होंने नासा से रिसर्च के लिए लिया है। इसमें चमत्कारी शक्तियां होने का दावा करते हुए ठगों ने व्यापारी को अपने जाल में फंसा लिया।

### प्रदूषण का प्रकोप : बारिश थमते ही प्रदूषण तीन गुना बढ़ा

**नई दिल्ली।** राजधानी में पिछले 11 दिनों से बारिश नहीं होने के कारण हवाओं में प्रदूषण की मात्रा तीन गुना बढ़ गई है। दिल्ली में 9 सितंबर के बाद से बारिश नहीं हुई है। लगातार बारिश से 9 सितंबर की रात 8 बजे हवा में प्रदूषक कण पीएम-10 का स्तर 50 था, जबकि बारिश नहीं होने से बुधवार दिन में 3:30 बजे पीएम-10 का स्तर 172.7 तक पहुंच गया। डेढ़ महीने में पहली बार हवा में पीएम-10 का स्तर 180 के करीब पहुंच रहा है। इससे पहले 6 अगस्त की शाम 5 बजे हवा में प्रदूषण का स्तर 185.1 पर पहुंच गया था। लेकिन, बाद में राजधानी में रुक-रुक कर हुई बारिश के चलते हवा में प्रदूषण पूरी तरह से साफ हो गया था। खासतौर पर सितंबर के शुरुआती नौ दिनों में हवा सबसे ज्यादा साफ-सुथरी रही। जबकि, 9 सितंबर के बाद से बंद हुई बारिश के बाद प्रदूषण के स्तर में फिर से इजाफा होता जा रहा है। हवा में घुले छोटे प्रदूषक कण यानी पीएम-2.5 की मात्रा में भी इजाफा हुआ है। 11 सितंबर की सुबह 6 बजे जहां हवा में पीएम-2.5 की मात्रा 28.8 थी, वहीं बुधवार शाम 4 बजे इसकी मात्रा 63.9 के स्तर पर पहुंच गई।

**गोवा में सीएम पर्रिकर के खिलाफ कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव के बाद खलबली**

## भाजपा अध्यक्ष ने नई रणनीति बनाने दिल्ली में बुलाई बैठक

बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह गोवा संकट पर काफी गंभीर नजर आ रहे हैं, इसके लिए उन्होंने विशेष बैठक बुलाई है। उधर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के खिलाफ अविश्वास का प्रस्ताव लाने के लिए सदन का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के खिलाफ अविश्वास का प्रस्ताव लाने के लिए सदन का विशेष सत्र बुलाने की मांग के बीच भाजपा में भी हलचल तेज हो गई है। गोवा के राजनीतिक हालात की समीक्षा के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने बुधवार को अहम बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के इलाज के लिए एम्स में भर्ती होने के बाद कांग्रेस की ओर से सरकार बनाने का दावा किए जाने से गोवा का सियासी पारा गरमा गया है।

पर्रिकर को दिल्ली लाए जाने के तुरंत बाद ही भाजपा ने महासचिव संगठन रामलाल और वरिष्ठ नेता बीएल संतोष को गोवा में अपने विधायकों और सहयोगियों से मिलने के लिए भी भेजा था। गोवा में विपक्षी कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि उसे 21 से ज्यादा विधायकों का समर्थन प्राप्त है और 40 सदस्यीय विधानसभा में सरकार बनाने के लिए वह मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस 16 विधायकों के साथ तटवर्ती राज्य में सबसे बड़ी पार्टी है। गौरतलब है कि वह प्रदेश में सरकार बनाने का दावा पहले ही पेश कर चुकी है।

विपक्षी दल ने यह दावा ऐसे वक्त में किया है, जब सीएम मनोहर पर्रिकर अग्नाशय संबंधी बीमारी के कारण दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती हैं। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता चन्द्रकांत कावलेकर ने बताया कि गोवा में सरकार बनाने के लिए कांग्रेस को पर्याप्त समर्थन प्राप्त है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास पर्याप्त संख्या है। मैं आपको यह नहीं बताऊंगा कि किसके साथ बातचीत चल रही है। हमें 21 विधायकों की जरूरत है और हमारे पास उससे ज्यादा हैं। कावलेकर के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने मंगलवार को राज्यपाल मृदुला सिन्हा से भेंट कर भाजपा नीत सरकार का विस में शक्ति परीक्षण कराने और उन्हें बहुमत साबित करने के लिए कहने का अनुरोध किया।

### पटना साहिब से शत्रुघन सिन्हा का कटेगा टिकट, सुशील मोदी होंगे भाजपा कैंडिडेट

**पटना, (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव नजदीक है और बिहार में सियासत काफी तेज हो चुकी है। एनडीए में सीटों का बंटवारा और उम्मीदवार पर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही इसकी घोषणा होने वाली है। हाल ही में बीजेपी और जेडीयू की ओर से कहा भी गया था कि अब जल्द ही सीट शेयरिंग को लेकर बात साफ हो जाएगी। वहीं, कुछ सीटों को लेकर भी काफी जोड़-तोड़ की राजनीति चल रही है, जिसमें पटना साहिब की सीट काफी अहम है। वर्तमान में पटना साहिब सीट से बीजेपी के बागी नेता शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं, लेकिन यह बात लगभग स्पष्ट हो गई है कि इस बार बीजेपी की ओर से पटना साहिब सीट पर शत्रुघ्न सिन्हा नहीं लड़ेंगे। वहीं, बीजेपी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पटना साहिब लोकसभा सीट पर सुशील कुमार मोदी को टिकट दिया जा सकता है। आपको बता दें कि साल 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद शत्रुघ्न सिन्हा को कैबिनेट में शामिल नहीं किया गया था, जिसके बाद शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी हल्की नाराजगी जाहिर की थी। वहीं, कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी उनका नाम स्टार प्रचारक के रूप में शामिल नहीं किया गया, जिसके बाद से सिन्हा ने अपनी नाराजगी खुले रूप से दिखाने लगे थे।

## गुजरात में विधायकों के वेतन में 65 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**गांधीनगर, (एजेंसी)।** गुजरात में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी तथा किसानों की कर्ज माफी को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जारी घमासान के बीच विधानसभा में बुधवार को सर्वसम्मति से एक विधेयक पारित कर सभी विधायकों के वेतन में करीब 65 प्रतिशत की भारी भरकम बढ़ोत्तरी कर दी गयी।

**पक्ष-विपक्ष ने सर्वसम्मति से कराया विधेयक पारित**

182 सदस्यीय सदन में सत्तारूढ़ भाजपा (99 विधायक) और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस (77) के अलावा अन्य लगभग सभी विधायकों ने इसका स्वागत किया। हालांकि कांग्रेस के एक विधायक सावरकुंडला के प्रताप दुधात ने किसानों की कर्ज माफी अथवा ब्याज रियायत या अन्य कोई रियायत सरकार की ओर से बतौर उपहार नहीं दिये जाने तक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं लेने की घोषणा की। उन्होंने हालांकि इसे अपना व्यक्तिगत निर्णय करार दिया। यह विधेयक विधायी कार्य राज्य मंत्री प्रदीपसिंह जाडेजा ने पेश किया। इसके तहत विधायकों के मूल वेतन को 56,100 रूपए से बढ़ा कर 78,800 रुपए, व्यक्तिगत सहायक के भत्ते को तीन हजार से बढ़ा कर 20,000, टेलीफोन भत्ता 4,000 से बढ़ा कर 7,000 रुपए कर दिया गया है। इसके तहत विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री और ऐसा ही दर्जा प्राप्त नेता विपक्ष आदि को आम विधायक की तुलना में करीब 25 प्रतिशत अधिक वेतन मिलेगा। पिछली बार गुजरात के विधायकों का वेतन 2005 में बढ़ाया गया था। मौजूदा वेतनवृद्धि दिसंबर 2017 में इस विधानसभा के गठन की पूर्व तिथि से प्रभावी होगी और इसके लिए विधायकों को एरियर की राशि भी मिलेगी। एक विधायक का वेतन 70727 रूपये से बढ़ कर 116316 रूपये हो गया है।

मजेदार बात यह रही कि मात्र दो दिनों के लिए आहूत सदन के मानसून सत्र के दूसरे और अंतिम दिन की कार्यसूची में इस विधेयक का उल्लेख नहीं था पर इसे अंतिम समय में जोड़ कर आननफानन में सदन मे पेश किया गया और सत्ता पक्ष तथा पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोत्तरी के खिलाफ सरकार के खिलाफ जबरदस्त मोर्चा खोलने वाले विपक्ष ने एक स्वर में इसका समर्थन किया।

### अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम था वेतन : जाडेजा

गृह राज्य मंत्री तथा विधायी कार्यमंत्री प्रदीपसिंह जाडेजा ने कहा कि गुजरात में विधायकों का वेतन कई अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम था। उत्तराखंड में यह 2.91 लाख, तेलंगाना में 2.50 लाख, झारखंड में 2.25 लाख, हिमाचल प्रदेश में 2.10 लाख, उत्तर प्रदेश में 1.95 लाख, हरियाणा में 1.63 लाख, जम्मू-कश्मीर में 1.60 लाख , दिल्ली में 1.34 लाख, असम और राजस्थान में 1.30 लाख जबकि पंजाब में 1.15 लाख है। भाजपा के विधायक मधु श्रीवास्तव ने कहा कि यह वृद्धि इसलिए स्वागतयोग्य है क्योंकि विधायक को कई तरह के जरूरी खर्चे करने पड़ते हैं। कांग्रेस विधायक ललित वसोया ने भी इसका स्वागत करते हुए कहा कि उनके हिसाब से विधायकों का वेतन और बढ़ता तो अच्छा होता क्योंकि वह इसके जरिये अपने क्षेत्र के जरूरतमंदों की बेहतर सेवा कर पाते।

### पूर्व चीफ जस्टिस की पत्नी और बेटी को बंधक बनाकर लूटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पॉश न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में सोमवार रात बदमाशों ने दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस दलीप कपूर के घर लूटपाट की। बदमाशों ने उनकी बुजुर्ग पत्नी व बेटी को बंधक बनाकर मारपीट भी की। वे घर में रखी लाखों की ज्वैलरी और नगदी लेकर फरार हो गए। घायल बेटी ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। जस्टिस दलीप कपूर की 78 वर्षीय पत्नी रीबा कपूर ने पुलिस को बताया कि चार दिन पहले ही उन्होंने नौकर संदीप को काम पर रखा था। 17 सितंबर की रात 11 बजे संदीप ने दोस्तों के साथ मिलकर उन्हें बंधक बना लिया और घर में लूटपाट की। पुलिस नौकर और उसके साथियों की तलाश कर रही है।

**मनुष्य अपने अंदर की बुराई पर ध्यान नहीं देता और दूसरों की उतनी ही बुराई की आलोचना करता है, अपने पाप का तो बड़ा नगर बसाता है और दूसरे का छोटा गांव भी जरा-सा सहन नहीं कर सकता है -आदिभट्ल नारायण दासू**

## लड़ाकू विमान सौदे

लड़ाकू विमान सौदे पर कांग्रेस एवं भाजपा के बीच द्वंद्व धीरे-धीरे चरम की ओर पहुंच रहा है। कांग्रेस इसे हर हाल में भ्रष्टाचार और नियमों के उल्लंघन का सौदा साबित करने पर तुली है तो भाजपा अपना बचाव करते हुए सारे आरोपों पर कांग्रेस को ही कठघरे में खड़ा कर रही है। यूपीए सरकार में रक्षा मंत्री रहे ए. के. एंटनी को मैदान में उतारने का अर्थ ही है कि कांग्रेस ने इस पर आर-पार का मन बना लिया है। उसके नेता नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से भी मिल आए। हालांकि यह समझौता दो सरकारों के बीच है इसलिए इसमें भ्रष्टाचार की गुंजाइश दिखाई नहीं पड़ती। फ्रांस की मीडिया में कभी भी इसमें किसी तरह के भ्रष्टाचार की बात नहीं आई। फ्रांस को अपने पूर्व राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री पर पूरा विास है। हमारे देश में राजनीतिक दलों के बीच लड़ाई में आपसी भरोसा नष्ट हो रहा है। अगर प्रधानमंत्री किसी सौदे के बारे में दूसरे देश के राष्ट्राध्यक्ष से बात करते हैं तो उसमें भ्रष्टाचार कैसे हो जाएगा? वहां के रक्षा मंत्री भारत के रक्षा मंत्री के साथ सौदे पर हस्ताक्षर करते हैं तो उसमें दलाली कहां से आ जाएगी? कांग्रेस जो भी आरोप लगा रही है, उसके संबंध में उसके पास पुख्ता प्रमाण नहीं है। जब कांग्रेस ने सौदा किया ही नहीं तो तुलना का प्रश्न कहां से पैदा होता है? सच है कि हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और राफेल बनाने वाली कंपनी डसाल्ट के बीच विमानों के निर्माण पर सहमति नहीं बन सकी। इसमें लंबा समय लग गया था। वायुसेना के सामने विमानों की कमी की आपातस्थिति पैदा हो गई थी। वस्तुत: यह सौदा आपाताकालीन खरीद के तहत हुआ है और रक्षा महकमे ने इसका स्वागत किया है। उप वायुसेना प्रमुख तक ने कह दिया है कि जो आरोप लगा रहे हैं, वे रक्षा खरीद नीति और ऑफ्सेट नीति से परिचित नहीं हैं। हमारा मानना है कि देश की रक्षा सवरेपरि है। उसे राजनीति में घसीटना उचित नहीं है।

राजनीति में घसीटने के कारण ही सरकारें सेना के आधुनिकीकरण और आवश्यक रक्षा सौदे से बचतीं हैं। बोफोर्स के बाद लंबे समय तक यही हुआ। शायद कांग्रेस नेतृत्व वाले यूपीए सरकार ने भी सौदे से अपने को बचाने की रणनीति इसी कारण अख्तियार की। किंतु इससे देश की रक्षा तैयारियों को भारी नुकसान हुआ है। इसलिए अच्छा हो राजनीति अन्य मुद्दों पर की जाए। अभी अपने पड़ोसियों की तुलना में हमें रक्षा की दृष्टि से सशक्त होने के लिए काफी कुछ करना है। इसलिए इस पर देश की आवाज एक हो यही उचित है।

## हादसो के आंकड़े

सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले जान और माल के नुकसान से हर कोई हलकान है। आंकड़ों पर विास करें तो देश में हर घंटे 50 से ज्यादा सड़क हादसे होते हैं, जिनमें करीब 17 लोगों की मौत हो जाती है। यानी रोजाना 400 से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। यह आंकड़े चौंकाते भी हैं और चिंतित भी करते हैं। यह हाल तब है, जब हादसों की दर घटी है। हालांकि मृत्यु दर में वृद्धि दर्ज की गई है। देश की सर्वोच्च अदालत भी इसी चिंता से दो-चार है। यही वजह है कि 2017 में सड़कों पर गड्ढों के चलते 3597 व्यक्तियों के जान गंवाने के तयों पर सर्वोच्च अदालत ने संज्ञान लिया और राज्यों को इसके लिएकड़ी फटकार लगाई। शीर्ष अदालत इस बात को लेकर ज्यादा नाराज दिखी कि हादसों के जिस आंकड़ों पर विभिन्न राज्य सरकारें अभी हो-हल्ला मचा रही हैं, दरअसल उसी ने सड़क परिवहद और राजमार्ग मंत्रालय को यह आंकड़े मुहैया कराए हैं। खैर, असली तय तो हादसों में हर रोज सैकड़ों लोगों के जान से हाथ धोने का है। सड़कों की स्थिति आज कैसी है, यह बताने की जरूरत नहीं है।

पूर्व में अदालत की यह टिप्पणी इसकी तस्दीक करने को काफी है कि भारत में आतंकवादी हमलों के कारण होने वाली मौतों से ज्यादा संख्या सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों की है और यह हालात भयभीत करने वाली है। गौरतलब है कि अदालत ने 2017 के दौरान आतंकवादी हमलों में 803 लोगों के मारे जाने की तुलना में गड्ढों की वजह से हुई दुर्घटनाओं में 3597 व्यक्तियों के जान गंवाने के बारे में सरकारी आंकड़े उद्धत करने वाली रिपोर्ट का संज्ञान लिया था। वैसे सिर्फ गड्ढों की वहज से ही लोग मर रहे हैं, ऐसा भी नहीं है। हादसों के लिए सड़क किनारे संकेतक का न होना, शराब पीकर वाहन चलाना, वाहन चलाते वक्त मोबाइल पर बातें करना, वाहनों में खराबी आना, अचानक से वाहन का ओवरटेक करना आदि प्रमुख वजहें हैं। इसके लिए सिर्फ सड़कों के गड्ढों को ही भरने से काम नहीं चलने वाला। लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए हर स्तर पर जागरूरकता अभियान चलाना होगा।

साथ ही जगह-जगह पर संकेतकों का लिखित में प्रदर्शन जरूरी है। जागरूकता को प्राथमिकता देने से ही इस पर काबू पाया जा सकता है।

## सत्संग

### सेवा

उदाहरण कोई अपवाद नहीं। ''एल्गी' जाति के ''प्रोटोंकोकस' पौधे और फंगस जाति के ''एक्टीनो माइसिटीज' पौधे आपस में मिल कर एक दूसरे को बहुत सुंदर ढंग से पोषण की वस्तुएं प्रदान करते है। हमें शिक्षा ज्ञान देती है पर हम अपनी अनपढ़ धर्मपत्नी या अशिक्षित पड़ौसी के लिए एक घंटा भी नहीं निकाल सकते, हमारे माता-पिता हम जब बच्चे थे, तब आधे पेट गीले वस्त्रों में सोकर हमारी परवरिश करते थे, पर आज जब वे वृद्ध हो गए, तब हम उनकी क्या उतनी सेवा कर पाते हैं? पौधों का क्या अस्तित्त्व, पर वे मनुष्य जाति से अच्छे हैं। ऊपर के दोनों पौधे मिलकर एक चपटे आकार का ढांचा बना लेते हैं, उसे ''जूलॉजी' में ''लाइकन' कहते हैं। इसमें से होकर एल्गी की जड़ें फंगस के पास पहुंचती हैं, और फंास की एल्गी के पास। एल्गी के पास जिस तत्त्व की कमी होती है, उसे फंास पूरा कर देता है और फंास की कमी को एल्गी। सबकी भलाई में अपनी भलाई अनुभव करने वाले समाज इसी तरह विकास और वृद्धि करते हैं, और अपने साथ उन छोटे-छोटे दीन-हीन व्यक्तियों को भी पार कर ले जाते हैं, जो सहयोग के अभाव में दबे पड़े पिसते रहते हैं। मछली के शरीर के ऊपर इनका पूरी तरह पोषण होता रहता है। हम समाज के दलिल माने-जाने वाले वगरे हरिजनों, आदिवासियों, दहेज के अभाव में पीड़ित बहनों, दवा के अभाव में पिसते रोगियों के लिए, जो अपने ही समाज के अंग हैं, कल्याण की योजनाएं क्यों नहीं बना सकते। जब हम दूसरे की सेवा करते हैं, तब सही मायने में अपनी ही सेवा करते हैं। मछली इन हरे जीवों को पालते समय कोई मूल्य नहीं मांगती। ये कीड़े अस्वादिष्ट होते हैं, और अपने शरीर से एक ऐसी दुर्गन्ध निकालते हैं, जिनके कारण हिंसक मछलियां और जन्तु उनसे दूर ही भागते हैं, इससे वह मछली, जो इन्हें पालती है, स्वयं भी शिकार होने से बच जाती है। हमारा मनुष्य भी निष्काम सेवा और परस्पर मिल-जुलकर रहने के इस तत्त्व-ज्ञान को समझ जाता तो इसी पृवी पर स्वर्गीय सुखों की अनुभूति कर रहा होता। इसमें राई-रत्ती भी संदेह नहीं है।

# समलैंगिकता: एक सामाजिक समस्या

**डॉ0 कामिनी वर्मा**

दो लड़कियाँ शादी रचा बन गई पति-पत्नी यह खबर 25 जुलाई 2009 को वाराणसी से प्रकाशित एक राष्ट्रीय समाचार पत्र में मुख्य पृष्ठ पर प्रकाशित हुई हुई थी शामली (मुजफ्फरनगर) में दो लड़कियों ने सामाजिक मर्यादा को भंग करके हरिद्वार के मनन्दिर और मुजफ्फरनगर के आर्य समाज मंदिर में समलैंगिक विवाह किया। गंगा को साक्षी मानकर, आस्ट्रेलिया के जेम्स और इटली के लूका के समलैंगिक विवाह करने की घोषणा 8 अगस्त 2018 को वाराणसी से एक राष्ट्रीय समाचार पत्र में प्रकाशित हुई। समलैंगिक विवाह या समलैंगिक सम्बन्ध आये दिन वैश्विक स्तर पर समाचार पत्रों और टी0वी0 चैनलों पर चर्चा का विषय बने रहते हैं।



एक समान लिंग के लोगों अर्थात 'पुरुष का पुरुष' के साथ तथा 'स्त्री का स्त्री' के साथ शारीरिक सम्बन्ध समलैंगिकता की श्रेणी में आता है। सामान्य रुप से पुरुष का आकर्षण स्त्री में तथा स्त्री का आकर्षक पुरुष में होता है। सृष्टि को गतिशील रखने के लिये प्रकृति ने स्त्री तथा पुरुष दोनों में स्वाभाविक काम-प्रवर्तियां उत्पन्न की हैं। परन्तु जब यह काम-प्रवर्तियां विपरीत लिंग के प्रति न होकर समान लिंग में जाग्रत हो जाती हैं तब उस सम्बन्ध को समलैंगिकता की संज्ञा से सम्बोधित किया जाता है। जब कोई पुरुष किसी पुरुष के साथ यौन सम्बन्ध स्थापित करता है तो उसे 'समलिंगी' या 'गे' तथा जब स्त्री किसी स्त्री के प्रति आकृष्ट होती है तब उसे 'महिला समलिंगी' या 'लेस्बियन' के नाम से जाना जाता है। यौन सम्बधों के आधार पर एक और 'उभलिंगी' वर्ग भी बनता है, जिसमें स्त्री-पुरुष दोनों के प्रति आकर्षित होते हैं। कुछ स्त्री या पुरुष शल्य चिकित्सा के माध्यम से अपना लिंग परिवर्तित करवा लेते हैं। इस प्रकार समलैंगिक-उभय लैंगिक ओर लिंग परिवर्तित लोगों को मिलाकर एल0जी0 बी0टी0 समुदाय बनता है। समलैगिकता न सिर्फ मनुष्यों में बल्कि पशु-पक्षयिों में होती है। वैज्ञानिकों का दावा है बहुत से पशुओं जैसे पैग्विन, चिम्पाजी डाल्फिनों कुत्तों एवं साड़ो में समलैंगिकता की प्रवर्ति पायी गई है।

समलैंगिकता एक समस्या के रूप में' वैश्विक स्तर पर लगभग हर समाज में, हर काल खण्ड में विद्यमान रही है। समलैंगिक सम्बन्धों के समाचार अक्सर चर्चा में रहते है। बदले हुये परिवेश में लोग न सिर्फ इस प्रवर्ति को सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर रहे है बल्कि विवाह भी कर रहे हैं तथा जनमत को अपने पक्ष में करने के लिये आन्दोलन भी कर रहे है। व्यक्तिगत स्वतन्त्रता और मानवाधिकारों के नाम पर विश्व फलक पर विचारों में तीव्रता से परिवर्तन और खुलापन आया है। 'मै चाहूँ जो करूं मेरी मरजी' को आदर्श बनाकर उन्मुक्तता को बढ़ावा दिया जा रहा है। नैतिक और सामाजिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है। पश्चिमी देशों में व्यक्तिगत आजादी की जो धारा प्रवाहित हुई उसमें भी समलैगिंकता को प्रश्रय मिला। पहले जो समलैंगिक सम्बन्ध चोरी-छिपे बन्द कमरें में बनते थे वह आज विश्वव्यापी चर्चा का विषय बन गये है, और इस वर्ग के लोगों ने अपना 'गौरव ध्वज' भी निर्मित कर लिया है। ये लोग समलैंगिकता का उत्सव 'गौरव परेड' का आयोजन करके मना रहे है। यह 'गौरव परेड' जून 1969 के न्यूयार्क में भड़के स्टोनवाल दंगो की स्मृति में निकाली जाती है। ये दंगे पुलिस द्वारा लोगों के समलैगिक होने पर उन्हें प्रताड़ित करने के परिणामस्वरूप हुये थे। विश्व स्तर पर इस प्रकार के सम्बन्ध को मान्यता मिलनी आरम्भ हो गई है। विधिक रूप से समलैंगिक विवाह को वैधता प्रदान करने वाला पहला देश नीदरलैण्ड है जिसने 2001 में इसे विधिक मान्यता प्रदान की 1967 में ब्रिटेन ने अपने देश में समलैंगिकता और पुरुषों के बीच आपसी सहमति से होने वाले यौन सम्बन्ध को अपराध की श्रेणी से बाहर किया। ब्रिटेन ही नहीं बेल्जियम, कनाडा, स्पेन, न्यूजीलैण्ड, डेन्मार्क, अर्जेन्टीना, स्वीडन, पुर्तगाल आदि देशों में समलैंगिकता को मान्यता प्राप्त है। इतना ही नहीं अमेरिका ने सेना में समलैंगिक सैनिकों की भर्ती पर लगी रोक को हटाकर इसे प्रोत्साहित किया है।

भारतीय संस्कृति में जहां पश्चिम के अंधानुकरण ने समलैंगिकता को व्यापक रूप प्रदान किया वही प्राचीन समाज में इसके साक्ष्य आदिकाल से ही प्राप्त होते है। इस सम्बन्ध में सर्वाधिक प्रमाण उन चित्रकारियों से प्राप्त होते हैं, जिनमें दो पुरूषों को आपसी अन्तरंग सम्बन्ध को चित्रित किया गया है। खुजराहों तथा कोणार्क के सूर्य मंदिर से उत्कीर्ण शिल्प से भी इसका अनुमान लगाया जा सकता है। वात्स्यामन द्वारा रचित 'कामसूत्र' में इस विषय पर खुलकर चर्चा की गई है। वर्तमान में आंकड़ो पर दृष्टि डालें तो भारत में कुल जनसंख्या में समलैंगिको की संख्या 0.2 प्रतिशत है। केन्द्र सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट को दी गई सूचना के अनुसार भारत में समलैंगिको की संख्या लगभग 25 लाख है।

स्त्री का पुरूष में आकर्षण और पुरूष का स्त्री में आकर्षण मूल प्रवर्ति है और इसी आकर्षण से स्थापित यौन सम्बन्ध से संतान की उत्त ?पत्ति होती है जिससें सृष्टि चक्र गतिशील रहता है। परन्तु जब यह आकर्षण समान लिंग में होता है तो यह अप्राकृतिक सम्बन्ध के अन्तर्गत आता है, जिसमें लोग कामतृप्ति हेतु अपना लिंग भी परिवर्तित करवा लेते हैं। अब प्रश्न उठता है, ऐसा क्यों होता है? क्या यह कोई मानसिक रोग है? या कोई अन्य कारण जिसके तहत लोग समान लिंग के प्रति आकृष्ट हो रहे हैं। इस प्रश्न का उत्तर दो दृष्टिकोण से खोजा जा सकता है।

1- वैज्ञानिक दृष्टिकोण:-

क- जीव विज्ञान की दृष्टि से शिशु जब गर्भ में होता है तभी कुछ विशेष प्रकार के हामीनो के स्रावित होने के कारण एवं गुणसूत्रों में विचलन के कारण भी यह प्रवर्ति जागृत होती है।

ख- प्रत्येक जीव में कुछ विशेष प्रकार के हामीन स्रावित होते है जिन्हें फिरोमोन के नाम से जाना जाता है जिसमें विशेष प्रकार की गंध होती है इसी गंध के तहत चीटियां लाइन से चलती हुयी देखी जा सकती है तथा कुत्ता किसी अनजान रास्ते पर जाकर वापस अपने मूल स्थान पर आ जाता है। अबोध शिशु अपनी माता को इसी विशेष गन्ध के कारण पहचानता है। इसी हामीन या विशेष गन्ध के कारण यौन इच्छा भी जागृत होती है जो स्त्री-पुरूष अथवा स्त्री-स्त्री या पुरूष-पुरूष या दोनो में हो सकती है।

ग- मनोवैज्ञानिक इसे मनोरोग की दृष्टि से भी देखते हैं। और कहते है इसे 'रिपैरेटिव चिकित्सा' द्वारा उपचारित किया जा सकता है।

2- समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण:-

क- समाजशास्त्रीय दृष्टि से विश्लेषण करने पर हम पाते है जहां पर विपरीत लिंग की अनुपलब्धता है वहां एक आवश्यकता के रूप इस प्रवर्ति का जन्म हो रहा है।

ख- बहुत से लड़के लड़कियां अपने शर्मीले, संकोची स्वभाव के कारण विपरीत लिंग के साथ अपनी भावनायें व्यक्त नहीं कर पाते हैं अत: भावनात्मक संबल प्राप्त करने के उद्देश्य से समान लिंग में ही यौन सम्बन्ध स्थापित कर लेते है।

ग- कुछ लोग शौकिया तौर पर विपरीत लिंग से कामतृप्ति करते हैं।

घ- अच्छे दोस्त है एक दूसरे से अलग नहीं होने की चाहत में भी कुछ लोग समलैंगिक युगल बन जाते है।

ड़- व्यक्तिगत आजादी की धारा जो पश्चिमी देशों अमेरिका, जर्मनी आदि से प्रवाहित हुई उससे भी समलैंगिकता को प्रश्रय मिला।

ज- जोखिम भरे कार्य करने की प्रबल भावना भी समलैंगिकता को प्रोत्साहित करती है।

समलैंगिकता न सिर्फ भारत की अपितु सम्पूर्ण विश्व की सामाजिक समस्या है। यह एक जटिल विवादित मानवीय रिश्ता है जिसका अस्तित्व आदिकाल से रहा है। भारत में इस प्रकार के सम्बन्ध को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इस दिशा में ब्रिटिश काल में 1860 में सर्वप्रथम कानून बनाकर अप्राकृतिक सम्बन्ध को अपराध माना गया। आई0पी0सी0 (इण्डियन पीनल कोड) 377 के अन्तर्गत किसी व्यस्क द्वारा स्वैच्छा से किसी पुरूष महिला या पशु के साथ अप्राकृतिक यौन सम्बन्ध स्थापित करने पर आजीवन कारावास या 10 वर्ष तक जेल की सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया। जिसका समलैंगिकता का समर्थक वर्ग निरन्तर विरोध कर रहा है और इसे संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उलंघन करने वाला तथा मौलिक अधिकारों का हनन करने वाला बता रहा है। इस सम्बन्ध में नाज फाउण्डेशन ने दिल्ली हाईकोर्ट में इसे समाप्त करने की मांग की है। वकील श्याम दीवान का कथन है संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार किसी के भी साथ धर्म, लिंग, जाति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जायेगा इसमें लिंग के साथ यौन अभिरूचि को भी शामिल किया जाना चाहिये। क्योंकि समलैंगिको के साथ इसी आधार पर भेदभाव होता है।

इस सन्दर्भ में तमाम तरह की दलीलों के चलते दिल्ली हाईकोर्ट ने 2 जुलाई 2009 को दो व्यस्कों द्वारा आपसी सहमति से स्थापित होने वाले यौन सम्बन्धों के सन्दर्भ में आई0पी0सी0 की धारा 377 को असंवैधानिक घोषित कर दिया। परन्तु भारतीय समाज की जटिलताओं और परिवेश के मद्देनजर समलैंगिकता को उचित मानने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के निर्णय को अवैध मानते हुये सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसम्बर 2013 को कहा कि आई0प0सी0 की धारा 377 को हटाने का अधिकार संसद के पास है और जब तक यह लागू है तब तक इसे अवैध नहीं माना जा सकता है।

वर्तमान में धारा 377 को लेकर गम्भीर चर्चा चल रही है प्रगतिशील विचारधारा का पोषक वर्ग इसे समाप्त करने की मांग कर रहा है। वित्त मंत्री अरूण जेटली ने मौलिक अधिकारो का समर्थन करके इस विषय पर बहस जारी कर दी है। उनका कथन है सुप्रीम कोर्ट को आई0पी0सी0 की धारा 377 पर पुन: विचार करना चाहिये क्योंकि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय वैविश्वक स्तर पर लिये जा रहे निर्णयों के विपरीत है। इस मुद्दे को काँग्रेस नेता पी0 चिदम्बरम ने भी सहमति प्रदान की है उनका मन्तव्य है दिल्ली हाईकोर्ट का 2 जुलाई 2009 का निर्णय प्रशंसनीय था, इसे जारी रखना चाहिये था। यौन सम्बन्धों के आधार पर किसी को अपराधी घोषित करके जेल भेजना बेहद पुराना विचार है। इस सम्बन्ध में सुप्रीम कोर्ट 13 जुलाई 2018 की टिप्पणी है कि यदि समलैंगिक सम्बन्ध अपराध नहीं रहेगें तो इससे जुड़ा सामाजिक कलंक और भेदभाव भी खत्म हो जायेगा हालांकि कोर्ट ने कहा है कि वह धारा 377 के सभी पहलुओं पर विचार करेगा।

आई0पी0सी0 की धारा को लेकर भले ही विवाद की स्थिति है और इसे समाप्त करने की मांग की जा रही है परन्तु इस संवेदनशील कानून को समाप्त करने से पहले हमें यह भी विचार करना होगा कि क्या हमारा समाज इस बदलाव के लिये तैयार हैं। धारा 377 का विरोध न किसी खास जाति, वर्ग या धर्म के लोग कर रहे हैं बल्कि हिन्दू मुस्लिम, सिख ईसाई सभी धमी ने इसे न सिर्फ समाज के लिये गम्भीर खतरा माना है बल्कि भारत के धार्मिक, सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों को नष्ट करने वाला बतायाहै। इस सम्बन्ध में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस दीपक मिश्रा, आरएफ नरीमन, एम.एम. खान विल्कर, डी.वाई चन्द्रचूड़ और इन्दू मल्होत्रा कीसंविधान पीठ की टिप्पणी उल्लेखनीय है जिसमें उन्होने आई0पी0सी0 की धारा 377 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकओं पर सुनवायी करते हुये कहा है कि वह अगर धारा 377 को समाप्त कर दिया गया तो अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।

प्रयाग पीठ के शंकराचार्य ओमकारानन्द सरस्वती समलैंगिकता को मनोरोग से रूप में देखते हैं और इसका मनोचिकित्सक से उपचार कराने की सलाह देते हैं। आम लोगो की स्वास्थ्य सुरक्षा और नैतिक मूल्यों को सुरक्षति रखने के लिये धारा 377 का बना रहना आवश्यक है।

दो समान लिंग के व्यस्कों के बीच आपसी सहमति से बनाया गया यौन सम्बन्ध घृणित है। इसे किसी भी रूप में उचित नहीं माना जा सकता। यह सामाजिक अभिशाप है और विक्षप्ति मानसिकता का परिचायक है। यदि इस प्रकार के सम्बन्ध को स्वीकार कर भी लिया जाता है तो समाज को इसके घातक परिणाम भुगतने पड़ेगे। स्त्री पुरूष की रचना प्रकृति में सृष्टि निर्माण हेतु हुई है। दोनों के स्वस्थ सम्बन्ध के परिणाम स्वरूप नया जीवन अस्तित्व में आता है और सृष्टि में निरन्तरता बनी रहती है। समाज अक्षुण रहता है। यदि वृहद् स्तर पर लोगो में समलैंगिक युगल बन जायेगे तो सृष्टि की गतिशीलता रूक जायेगी क्योंकि ऐसे जोड़े न तो स्वयं की संतान उत्पन्न कर पायेगे और न ही सरोगेसी के माध्यम से संतान प्राप्त कर सकेंगे।

## फोटोग्राफी...



*यह फोटो पुर्तगाल के सबसे छोटे एवं मशहूर अल्गेर्व समुद्र तट का है, जहां पहुंचने के लिए कम से कम 200 सीढ़िया पार करनी होती हैं। इसके मार्ग में एक तरफ ऊंची चट्टान तो दूसरी तरफ खाई है, इसलिए जगह-जगह बोर्ट लगे हैं कि संभलकर चलें। यह तट क्रिस्टल क्लीयर पानी के कारण मशहूर है, इसलिए लोग वहां जाते हैं। यह इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह तट बहुत कम रेत क्षेत्र के साथ दो तरफ चट्टानों से घिरा है। इसे 'ड्रोनस्टा ग्राम' वेबसाइट पर लंदन के फोटोग्राफर जेरोम कर्टियल ने अपलोड किया था। इसी वेबसाइट ने नेशनल जियोग्राफिक के साथ मिलकर पांचवें ड्रोन फोटो कॉन्टेस्ट में इसे वर्ष 2017 के श्रेष्ठ फोटोग्राफमें चुना है।* stoplusjednicka.cz

## ''कॉलेजों में जंग फूड

खानपान की अस्वस्थ आदतों के चलते बच्चों और युवाओं को घेर रहे जीवन शैली जनित बीमारियां और मोटापा लंबे समय से समाज और सरकार, दोनों के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। यही वजह है कि विविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने हाल में सभी विविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अपने परिसरों में जंग फूड की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। यूजीसी के मुताबिक ''कॉलेजों में जंग फूड को प्रतिबंधित करना नये मानदंड स्थापित करेगा, छात्रों के जीवन को बेहतर बनाएगा, सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाएगा और उनमें मोटापे को कम करेगा। इतना ही नहीं, जीवन शैली से जुड़े उन रोगों को भी रोकेगा जो मोटापे के कारण होते हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले सीबीएसई ने भी स्कूली बच्चों की सेहत संभालने के लिए ऐसा ही कदम उठाया था। इसके तहत सभी संबद्ध स्कूलों को परिसर में मौजूद कैंटीन से जंक फूड हटाने का निर्देश दिया गया था। नई पीढ़ी के स्वास्य की फिक्र करते हुए छात्रों के लंच बॉक्स की जांच करने, पोषक भोजन के बारे में जागरूकता लाने और स्वास्य की नियमित जांच कराने संबंधी गाइडलाइंस भी दी गईथीं। इसी कड़ी में कुछ समय पहले बहुत छोटी उम्र के बच्चों को जंक फूड से बचाने के लिए सरकार ने कार्टून चैनलों पर जंक फूड के विज्ञापन नहीं दिखाए जाने का भी फैसला किया था। भावी पीढ़ी के स्वास्य को सहेजने के लिए काफी समय से जंक फूड पर पाबंदी लगाने और इसके सेवन से होने वाले नुकसान को लेकर सजगता लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। दरअसल, जंक फूड मोटापे और कुपोषण का खतरनाक मेल है। पोषक तत्वों की कमी के चलते जंक फूड का सेवन स्वास्य के लिए हर तरह से खतरनाक है। लेकिन हालिया बरसों में नई पीढ़ी में इस तरह के खान-पान का चलन तेजी से बढ़ा है। जाहिर है, इस वजह से कम उम्र में ही सेहत से जुड़ी तमाम परेशानियां भी बढ़ रही हैं। दुनिया भर में सबसे ज्यादा लोग जंक फूड से बीमार हो रहे हैं। विश्व स्वास्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूके और यूएसए में पचास प्रतिशत व्यस्क और बीस प्रतिशत बच्चे मोटापे के शिकार हैं। भारत में हर साल करीब एक करोड़ बच्चों में मोटापे के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे ही हालात बने रहे तो 2025 तक भारत बच्चों में मोटापे के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर होगा। विडंबना है कि आज की जीवन शैली में प्रसंस्कृत पदार्थो ने गहरी पैठ बना ली है। युवाओं और बच्चों में जंक फूड खाने का खूब चाव है, जबकि वसा, नमक और चीनी की अधिकता वाले इन खाद्य पदार्थो का सेवन वाकई हानिकारक है। ऐसे में शिक्षण संस्थाओं के परिसर में ऐसे खाद्य पदार्थो की सहज उपलब्धता के चलते इनका सेवन करने वाले युवाओं और बच्चों के आंकड़े तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वास्यवर्धक भोजन से दूर हो रहे बच्चे और युवा हर वक्त इन खाद्य उत्पादों का सेवन करने लगे हैं। अकेले राजधानी दिल्ली में ही स्कूली बच्चों के भोजन का सत्तर फीसदी हिस्सा जंक फूड होता है। इस मामले में समय-समय पर सुझाव और निर्देश दिए जाते रहे हैं। महाराष्ट्र, पंजाब, मध्य प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों के विद्यालयों में जंक फूड लाने पर पहले से ही प्रतिबंध है। ऐसे में सभी विविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में भी जंक फूड पर प्रतिबंध लगाना समय की दरकार है। युवाओं की सेहत सहेजने वाला निर्णय है। हालांकि बच्चों की सेहत को सहेजने का काम एक साझी जिम्मेदारी है। घर-परिवार के लोगों को भी ऐसे भोजन के सेवन से पैदा हो रही स्वास्य संबंधी तकलीफों को लेकर सचेत होना होगा। साथ ही, स्वास्य सहेजने वाले हमारे देसी खान-पान और जीवन शैली की अहमियत भी नई पीढ़ी को बतानी होगी।

न्यूज

## त्रिपुरा में भाजपा के दो समूहों में झड़प, आठ घायल

**अगरतला (एजेंसी)।** त्रिपुरा में बुधवार दोपहर गोमती जिले के सिलाचरि में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो समूहों के बीच संघर्ष में दो पुलिस कर्मी सहित कम से कम आठ लोग घायल हो गये। कृषि मंत्री प्राणजीत सिंघरॉय के उपस्थिति में कृषि विभाग के कार्यालय के उद्घाटन के दौरान दोनों समूहों में आपस में झड़प हो गयी। पुलिस ने बताया भाजपा के दो स्थानीय नेताओं मलय दीवान और कमल दीवान लंबे समय से झगड़ा चल रहा था। कमल दीवान मौजूदा विधायक बरबू मोहन त्रिपुरा के नामांकन के खिलाफ थे और और इससे पहले भी इस समूह ने कुछ स्थानीय मुद्दों को लेकर विधायक पर हमला किया। जब मंत्री और अन्य प्रतिनिधियों ने मंच पर उद्घाटन समारोह में शामिल हुए तभी एकाएक कमल दीवान के नेतृत्व में एक समूह के लगभग 150 भाजपा कार्यकर्ता जिनमें अधिकतर महिलाएं शामिल थी मंच में चढ़कर विधायक के खिलाफ नारे बाजी करने लगे।

## लोगों को तंग किया तो बर्दाश्त नहीं करेंगे: मनोज

**नयी दिल्ली, (एजेंसी)।** भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष और उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि कानून का उल्लंघन करने में उनका कतई विश्वास नहीं है किंतु गैर कानूनी ढंग से लोगों को तंग किए जाने को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री तिवारी ने अपने संसदीय क्षेत्र के गोकुलपुर में पूर्वी दिल्ली नगर निगम के एक परिसर की सील को कथित रुप से तोड़े जाने पर उच्चतम न्यायालय के संज्ञान लेने के मामले में बुधवार को कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। शीर्ष न्यायालय ने सील तोड़ने के मामले में संज्ञान लेते हुए कहा है कि क्यों न उन पर अवमानना की कार्रवाई की जाये। कोर्ट ने श्री तिवारी को 25 सितम्बर को इस मामले में तलब किया है।

## गोदावरी भगदड़ मामले में चंद्रबाबू जिम्मेदार नहीं

**अमरावती, (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश में गोदावरी स्नान भगदड़ मामले की जांच के लिए न्यायाधीश सी. वाई. सोमायाजुलु की अध्यक्षता में गठित जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट में मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को दोषमुक्त बताया है। श्रम मंत्री पी सत्यनारायण ने बुधवार को सोमायाजुलु जांच आयोग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश की। गौरतलब है कि 14 जुलाई 2015 को राजमुंद्री में गोदावरी पुष्करम के पहले दिन भगदड़ मचने से 27 से अधिक श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। सरकार ने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सी. वाई. सोमायाजुलु के नेतृत्व में एक जांच आयोग बनाया और आयोग ने अपनी 17 पृष्ठों की रिपोर्ट सरकार को सौंपी । जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट में बताया गया कि लोगों को एक शुभ समय पर स्नान करना था और सभी श्रद्धालु इसी शुभ समय में पवित्र नदी में डुबकी लगाने के लिए एक ही समय में एक साथ नदी की तरफ बढ़ने लगे जिससे भगदड़ मच गई और लोग हादसे का शिकार हो गए।

## फर्जी टिकट से घुसने वाला विदेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सीआईएसएफ ने फर्जी टिकट से हवाईअड्डे परिसर में घुसने वाले डच मूल के एक विदेशी नागरिक को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर गिरफ्तार किया है। सीआईएसएफ के मुताबिक मंगलवार को अपरान्ह 13.45 बजे सीआईएसएफ के एक जवान ने देखा कि एक विदेशी यात्री टर्मिनल तीन के चेक-इन क्षेत्र में संदिग्ध तरीके से घूम रहा था, जिसे गिरफ्तार पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम करताल ओजर और खुद को डच नगारिक बताया। उसने खुलासा किया कि दुशानबे के लिए जाने वाली ओजेएससी 'ताजिक एयर' विमान की संशोधित टिकट दिखाने बाद वह टर्मिनल पहुंचा। वह अपनी महिला मित्र को छोड़ने के लिए आया था जोकि उसी विमान के यात्रा कर रही थी।

## कोर्ट ने विवि में हुए बवाल पर कुलपति से मांगी रिपोर्ट

**लखनऊ, (एजेंसी)** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने लखनऊ विवि में छात्रों द्वारा किए गए उपद्रव एवं मारपीट के मामले में विवि के कुलपति से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। हाईकोर्ट के जस्टिसद्वय विक्रम नाथ व राजेश सिंह चौहान की खंडपीठ ने यह आदेश दिए है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता वी के शाही ने बताया था कि 16 आरोपियो में से 15 को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष के खिलाफ कारवाई जारी है। उन्होंने बताया कि सरकार की कमेटी इस मामले में कारवाई कर रही है। मामले की अगली सुनवाई 29 सिंतबर को नियत की गई है। गौरतलब है कि गत 4 जुलाई को लखनऊ विवि में निष्कासित छात्रों द्वारा बवाल कर दिया गया था। इन छात्रों ने विवि के कुलपति सहित लगभग दस शिक्षकों पर हमला कर दिया था । यह छात्र अपने दाखिले कराए जाने की मांग को लेकर धरना दे रहे थे। इसको लेकर विवि में भूख हड़ताल व विरोध प्रदर्शन चल रहा था । इस बवाल और मार पीट को लेकर पी जी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए चल रही काउंसलिंग को रोक दिया गया था और विवि को भी बंद कर दिया गया था।

### अगस्ता वेस्टलैंड डील मामले में नया मोड़

# प्रवर्तन निदेशालय दायर करेगा नया आरोपपत्र

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



सीबीआई और ईडी दोनों अगस्ता वेस्टलैंड सौदे में कथित रिश्वत मामले की जांच कर रहे हैं। ईडी द्वारा 3,600 करोड़ के अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर सौदा मामले में जल्द ही नया आरोपपत्र दायर किए जाने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि धनशोधन रोकथाम कानून के तहत दायर की जाने वाली आगामी अभियोजन शिकायत, इस मामले में तीसरा पूरक आरोपपत्र होगी और इसमें दुबई निवासी कारोबारी राजीव शमशेर बहादुर सक्सेना की भूमिका रेखांकित किए जाने की उम्मीद है।

**आरोपपत्र में कारोबारी राजीव बहादुर सक्सेना की भूमिका रेखांकित होगी**

एजेंसी ने इस मामले में पिछले साल जुलाई में सक्सेना की पत्नी शिवानी सक्सेना को धनशोधन रोकथाम कानून के तहत गिरफ्तार किया था। इसने तब आरोप लगाया था कि राजीव सक्सेना इंटरसेलर टेक्नोलॉजीज लि., मॉरीशस का लाभार्थी मालिक है और दंपती यू एच वाई सक्सेना, दुबई तथा मैट्रिक्स होल्डिंग्स लि., दुबई में साझेदार/निदेशक हैं। ईडी ने आरोप लगाया था कि इन दोनों कंपनियों को इंटरसेलर टेक्नोलॉजीज लि., मॉरीशस से अपने-अपने संबंधित दुबई बैंक खातों में अपराध का मुनाफा मिला। एजेंसी ने कहा था कि इस ममले में इसकी जांच और अब तक एकत्र किए गए विभिन्न दस्तावेजों से खुलासा हुआ कि अगस्तावेस्टलैंड, इंटरनेशनल लि., यू के ने गोर्डियन सर्विसेज सर्ल, ट्यूनीशिया और आई डी एस सर्ल, ट्यूनीशिया के जरिए रिश्वत के रूप में पांच करोड़ 80 लाख यूरो का भुगतान किया।

इसने कहा था कि इन कंपनियों ने इंटरसेलर टेक्नोलॉजीज लि., मॉरीशस तथा अन्य को कंसल्टैंसी अनुबंध के नाम पर उक्त धन या अपराध से हुआ मुनाफा हासिल किया जो आगे यू एच वाई सक्सेना, दुबई, मैट्रिक्स होल्डिंग्स लि., दुबई तथा अन्य को स्थानांतरित कर दिया गया। सीबीआई और ईडी दोनों अगुस्ता वेस्टलैंड सौदे में कथित रिश्वत मामले की जांच कर रहे हैं। भारत ने अनुबंध दायित्वों के कथित उल्लंघन और सौदा हासिल करने के लिए 423 करोड़ रुपए की रिश्वत देने के आरोपों के चलते वायुसेना के लिए फिनमेकेनिका की ब्रिटिश अनुषंगी अगुस्ता वेस्टलैंड के साथ हुआ 12 ए डब्ल्यू 101 वी वी आई पी हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति का सौदा एक जनवरी 2014 को खत्म कर दिया था।

### आरोपी क्रिश्चियन मिशेल को यूएई ने नहीं दी प्रत्यर्पण की अनुमति



अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकाप्टर सौदे में रिश्वतखोरी और घोटाले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल को भारत लाना आसान नहीं है। विदेश मंत्रालय सूत्रों को उसका प्रत्यर्पण हो पाने का अभी कोई भरोसा नहीं हो रहा है। वरिष्ठ सूत्र का कहना है कि क्रिश्चियन मिशेल ब्रिटिश नागरिक है। यह बड़ा तकनीकी पेंच है। अगस्ता वेस्टलैंड सौदे से जुड़े मामले में यूएई की कोर्ट ने कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल को भारत को प्रत्यर्पित करने का कोई आदेश नहीं दिया है। सूत्रों के मुताबिक उपलब्ध ब्यौरे के अनुसार यूएई सरकार ने दो सितंबर को दुबई की कोर्ट के समक्ष सवाल उठाया था कि क्या किसी ब्रिटिश नागरिक को किसी तीसरे देश को प्रत्यर्पित किया जा सकता है। इस पर अदालत ने मत दिया था। सूत्रों ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि अदालत ने मिशेल को भारत को प्रत्यर्पित करने का कोई आदेश नहीं दिया जैसा कि खबरों में आया। ऐसी खबरें थीं कि दुबई की एक अदालत ने मिशेल को भारत को प्रत्यर्पित करने का आदेश दिया है। विदेश मंत्रालय ने यूएई स्थित भारतीय दूतावास से मुद्दे से संबंधित सभी ब्योरे का पता लगाने को कहा था। सरकारी सूत्रों ने कहा कि मिशेल के प्रत्यर्पण को लेकर यूएई के अधिकारियों की ओर से भारत को कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है। भारत में मिशेल 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर सौदा मामले में वांछित है।

## टीबी विश्व का खतरनाक संक्रामक रोग बना

**जेनेवा, (एजेंसी)।** टीबी आज भी विश्व का खतरनाक संक्र ामक रोग बना हुआ है, लेकिन वर्ष 2000 के बाद वैश्विक प्रयासों की वजह से टीबी से हो सकने वाली लगभग 5.4 करोड़ मौतों को टाला जा सका है। डब्ल्यूएचओ ने 2018 की वैश्विक टीबी रिपोर्ट में कहा कि विभिन्न देश 2030 तक इसे समाप्त करने के लिए अब भी कुछ ज्यादा नहीं कर रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ने इसके साथ ही देश व सरकार के 50 प्रमुखों को इस संदर्भ में निर्णायक निर्णय लेने के लिए कहा, जोकि टीबी पर यूएन के पहले उच्च स्तरीय बैठक में संभवतः अगले हफ्ते हिस्सा लेंगे। रपट में बताया है कि पिछले वर्षो में टीबी से मरने वालों की संख्या में कुछ कमी आई है। 2017 में 1 करोड़ लोगों को टीबी हुआ और इससे 16 लाख मौतें हुईं, जिसमें 3 लाख एचआईवी-पॉजिटिव लोग भी शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली विदेश यात्रा पर सऊदी पहुंचे इमरान खान

**रियाद ■ एजेंसी**



पाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री इमरान खान अपनी पहली विदेश यात्रा पर बुधवार को सऊदी अरब पहुंचे। ये अटकलें लगायी जा रही हैं कि खान अपनी यात्रा के दौरान इस खाड़ी देश से आर्थिक सहायता की मांग कर सकते हैं। एजेंसी ने बताया है कि प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के एक महीने बाद खान दो दिन की यात्रा पर यहां आए हैं। संभावना है कि पाकिस्तान भुगतान संतुलन संकट से निकलने के लिए अपने करीबी देशों से सहयोग मांगेगा।

स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक खान के साथ पाकिस्तान के वित्त मंत्री असद उमर और विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी भी आए हैं। खान जेद्दा में सऊदी के शाह सलमान से भी मिलेंगे। सऊदी के सूचना मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय संवाद केन्द्र द्वारा जारी बयान के अनुसार, शाही महल में शाह सलमान भोज का आयोजन करेंगे। बयान के मुताबिक खान सऊदी अरब के शाहजादा मोहम्मद बिन सलमान से भी मिलेंगे। सऊदी और पाकिस्तान के बीच प्रमुख द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। गौरतलब है कि खान और उनका मंत्रिमंडल पाकिस्तान में जर्जर अर्थव्यवस्था, चरमपंथ , जल संकट और तेजी से बढ़ रही जनसंख्या जैसी समस्याओं का सामना कर रहा है।

## गैंगरेप: छह आरोपियों को जेल, तीन नाबालिगों को भेजा बाल सुधार गृह

**देहरादून (एजेंसी)।** एक बोर्डिंग स्कूल में नाबालिग छात्रा से गैंगरेप में मंगलवार को निदेशक, प्रधानाचार्य सहित पांच आरोपियों को कोर्ट और चार नाबालिगों को बाल न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने एक नाबालिग के बालिग हो जाने के बाद निदेशक सहित छह लोगों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। जबकि, तीन नाबालिग छात्रों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। बीते 14 अगस्त को एक नाबालिग छात्रा के साथ उसी की कक्षा के दो और इंटर के दो छात्रों ने सामूहिक दुराचार किया था। इस मामले में स्कूल की निदेशक लता गुप्ता, प्रधानाचार्य जितेंद्र शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी दीपक, प्रशासनिक अधिकारी की पत्नी तन्नू और आया मंजू ने मामले को एक माह तक दबाने का प्रयास करने के साथ ही छात्रा को डराया-धमकाया।

### घटना के तीन दिन बाद हुआ एक आरोपी बालिग

सहसपुर के एसओ नरेश राठौर ने बताया कि दुराचार के आरोपियों में शामिल एक नाबालिग दुराचार की घटना के दिन सत्रह वर्ष ग्यारह माह सत्ताइस दिन का था। वारदात के तीन दिन बाद 17 अगस्त को वह बालिग हो गया। ऐसे में बालिग हो जाने के बाद कोर्ट ने उसे बाल सुधार गृह न भेजकर अन्य पांच आरोपियों के साथ जेल भेज दिया है। जबकि तीन नाबालिगों को कोर्ट ने बाल सुधार गृह भेजा है। शासकीय अधिवक्ता भरत सिंह नेगी ने कहा कि दस्तावेज के अनुसार घटना के दिन एक आरोपी बालिग था। इसके कारण मंगलवार को उसे एडीजे तृतीय श्रेणी की कोर्ट में पेश किया गया।

### कोरियाई समिट में हुई डील



प्योंगयांग में बुधवार को अंतर कोरियाई समिट में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई इन एवं उत्तर कोरिया के वरिष्ठ नेता किम जोंग ऊन संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के बाद प्रेस को दिखाते हुए।

## जेट के दिल्ली, मुंबई दफ्तर पर इनकम टैक्स के छापे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** आयकर विभाग ने जेट एयरवेज के दफ्तर पर छापेमारी की। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने जेट एयरवेज के मुंबई और दिल्ली स्थित ऑफिस पर छापे मारे। आयकर विभाग कंपनी की वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही है। पिछले कुछ महीनों से एयरलाइन को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने अपने तिमाही नतीजे भी देरी से जारी किए थे। अब कंपनी के खातों की आयकर विभाग जांच कर रही है।

आयकर विभाग के अधिकारी एयरलाइन के अकाउंट्स, फंड्स निकाले जाने और एंटिटीज में किए गए संदिग्ध खर्चों की जांच कर रही है। आईटी एक्ट के सेक्शन 133ए के एयरलाइन के मुंबई स्थित अंधेरी और नरीमन प्वाइंट स्थिति ऑफिस और दिल्ली स्थित ऑफस में छापेमारी चल रही है। आयकर विभाग जेट एयरवेज और गोदरेज बिल्डकॉन के साथ हुए समझौते की भी जांच कर रहा है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से जेट एयरवेज की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। ऑडिटर्स के साथ हुए मतभेदों के बाद सेबी ने भी जवाब मांगा था।

## क्रांतिकारी नेता कोटेश्वरम्मा का निधन

**विशाखापत्तनम,(एजेंसी)।** क्रांतिकारी नेता, लेखक एवं नारी अधिकारवादी कोंडापल्ली कोटेश्वरम्मा का बुधवार को यहां निधन हो गया। वह नक्सली संगठन पीपुल्स वार ग्रुप के संस्थापक कोंडापल्ली सीतारामैया की पत्नी थी। पिछले कुछ सप्ताह से मस्तिष्क पक्षाघात से पीड़ित कोटेश्वरम्म ने हाल ही में अपना 100वां जन्मदिन मनाया था। उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी में काफी सक्रिय भूमिका निभायी और महिला अधिकार, नागरिक अधिकारी और वंचित वर्ग के लोगों के संघर्ष में सक्रिय रही। श्रीमती कोटेश्वरम्मा के पारिवारिक सदस्यों ने बताया कि उनकी इच्छा के अनुरूप उनका पार्थिव देह आंध्र मेडिकल कालेज को दान किया जायेगा।

## ईवीएम मामले में चुनाव आयोग, सरकार को नोटिस

**मुंबई, (एजेंसी)।** ईवीएम को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बंबई हाईकोर्ट ने बुधवार को भारतीय निर्वाचन आयोग, महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग और ईवीएम बनाने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के दो उपक्रमों व अन्य को नोटिस जारी किया है। कोर्ट में यह जनहित याचिका एक आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा दाखिल की गई है। आरटीआई कार्यकर्ता मनोरंजन एस. रॉय द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर जस्टिस्द्वय एसएस केमकर व एसवी कोटवल ने निर्वाचन आयोग के अलावा, केंद्रीय गृह मंत्रालय, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और महाराष्ट्र सरकार को भी नोटिस भेजा है। कोर्ट ने ईवीएम निर्माता कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इं. लि. और बीईएल को भी नोटिस भेजा गया है। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद हो सकती है। याचिकाकर्ता ने निर्वाचन आयोग और विभिन्न राज्यों के निर्वाचन आयोगों द्वारा दिए गए ईवीएम और वीवीपैट के ऑर्डर और दोनों कंपनियों द्वारा की गई आपूर्ति के आंकड़ों में भारी गड़बड़ी को उजागर किया है।

## निकाय-पंचायत चुनावों में हिस्सा लेगी कांग्रेस

**कश्मीर हिंसा**

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस ने पंचायत और स्थानीय शहरी निकाय चुनावों में बुधवार को हिस्सा लेने की घोषणा की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जी.ए. मीर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस ने सांप्रदायिक ताकतों को दूर करने के लिए चुनाव में हिस्सा लेने का निर्णय लिया है।

कांग्रेस चुनावों से दूर नहीं होगी। चुनावी मैदान सांप्रदायिक ताकतों के लिए भी है लेकिन हम पूरी ताकत से लड़ेंगे। नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्ल डेमोक्रेटिक पार्टी ने अगले महीने होने वाले चुनावों का वहिष्कार करने की घोषणा की है , हालांकि सरकार ने इन पार्टियों के वहिष्कार के बाद भी चुनाव होने की घोषणा की है। श्री मीर ने कहा कि कांग्रेस चुनावों में हिस्सा लेगी, लेकिन राज्यपाल प्रशासन को प्रत्याशियों की सुरक्षा का बंदोबस्त करना चाहिए और चुनाव को सुचारु रूप से करवाने के लिए शांतिपूर्ण माहौल का निर्माण करना चाहिए।

### शहरी निकाय व पंचायत चुनाव लड़ेगी जदयू

जदयू का ऐलान, जम्मू-कश्मीर में शहरी निकाय और पंचायत चुनाव लड़ेगी पार्टी शाहीन ने नेकांअ ेर पीडीपी पर चुनाव जम्मू कश्मीर में जदयू की इकाई ने बुधवार को शहरी स्थानीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में हिस्सा लेने का ऐलान किया। इसके साथ ही पार्टी ने अपने प्रत्याशियों के लिए पर्याप्त सुरक्षा की मांग भी की। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष जीएम शाहीन ने कहा कि हम शहरी स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव लड़ेंगे। उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों के हमारे प्रत्याशियों ने संबंधित प्राधिकारियों से फॉर्म लेना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, ''हम राज्यपाल सत्यपाल मलिक से अपील करते हैं कि हमारे उम्मीदवारों और प्रत्याशियों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करें और निष्पक्ष तथा स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करें।

### बिहार के बाल सुधार गृह में गोलीबारी

## फादर समेत दो की गोली मारकर हत्या

**पूर्णिया/पटना (एजेंसी)।** बिहार में पूर्णिया जिले में स्थित एक बाल सुधार गृह के कैदी ने यहां के हाउस फादर समेत दो लोगों की हत्या कर दी। इस वारदात के बाद बाल सुधार गृह से पांच कैदी फरार हो गए, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। यह घटना बुधवार शाम उस वक्त हुई जब कि बाल सुधार गृह में रहने वाले कई कैदी यहां पर बैडमिंटन खेल रहे थे।

पुलिस के मुताबिक बैडमिंटन के खेल के बीच ही इन सभी ने एक कमरे से गोली चलने की आवाज सुनी। इसके बाद लोग जब कमरे में गए तब उन्होंने वहां हाउस फादर बिजेंद्र कुमार और एक कैदी को घायल अवस्था में देखा। दोनों को गोली लगी थी। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### घटना के बाद पांच कैदी फरार

घटना के बाद तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की। पूर्णिया के पुलिस अधीक्षक विशाल शर्मा ने मीडिया को इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि घटना को अंजाम देने के बाद पांच बाल कैदी यहां से फरार हो गए हैं।

### फरार अभियुक्तों की तलाश में छापेमारी

उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम कैदियों में झगड़ा होने के बाद कुछ कैदियों को दूसरे बाल सुधार गृह में भेजने के भी निर्देश दिए गए थे। एसपी के मुताबिक घटना के बाद मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की गई है, जबकि फरार कैदियों की गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर छापेमारी भी की जा रही है।

### हरपथ मोबाइल एप हुआ लोकप्रिय

**गुरुग्राम।** खराब सड़कों की शिकायत दर्ज करने के लिए विकसित मोबाइल एप हरपथ को भारी लोकप्रियता हासिल हुई है। इस एप को हरियाणा सरकार ने इसरो की भागीदारी से विकसित किया था, जिसे पिछले साल लांच किया गया था।

रक्षा

### दोहरे इंजन वाले भारी हैलीकॉप्टर की खरीदी के लिए देशी-विदेशी कंपनियों से मांगे प्रस्ताव

# समुद्री चौकसी : तटरक्षक बल खरीदेगा 14 हेलीकॉप्टर

**नई दिल्ली, (एजेसी)।** देश की समुद्री सीमा की सुरक्षा का जिम्मा तटरक्षक बल के पास है। भारतीय तटरक्षक बल ने समुद्री सीमा को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए 14 दोहरे इंजन वाले भारी हेलीकॉप्टर की खरीद प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इसके लिए देशी-विदेशी कंपनियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं।

**बड़ रही चुनौतियां**

बल की कोशिश है कि इस खरीद प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। देश की समुद्री सीमा की सुरक्षा का जिम्मा तटरक्षक बल के पास है। बल नौकाओं के साथ-साथ वायुयानों के जरिये भी निगरानी करता है। बल के पास करीब 24 वायुयान हैं, लेकिन समुद्री सुरक्षा के मोर्चे पर बड़ रही चुनौतियों के चलते ये कम पड़ रहे हैं। दूसरे, इनमें से कई पुराने पड़ रहे हैं जिन्हें चरणबद्ध तरीके से हटाया भी जाना है। भावी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 14 नए हेलीकॉप्टर की खरीद का निर्णय लिया गया है। तटरक्षक बल के अनुसार इन हेलीकाप्टर का प्राथमिक कार्य समुद्री सीमा की निगरानी और खोज तथा बचाव अभियान को अंजाम देना होगा। जबकि, दूसरा कार्य समुद्र में चलाए जाने वाले ऑपरेशनों को मजबूत करना, संचार सेवाएं प्रदान करना, समान ले जाने और जरूरत पड़ने पर घायलों को लाने तथा ले जाने का होगा। बल के अनुसार, इस खरीद को रक्षा अधिग्रहण परिषद की पहले ही मंजूरी मिल चुकी है।

अब विक्रेता की तलाश शुरू की गई है। विक्रेताओं के प्रस्ताव मिलने के बाद सरकार इसके लिए निविदा जारी करने की प्रक्रिया शुरू करेगी। पहले बेसिक हेलीकॉप्टर की खरीद की जाएगी, लेकिन उसके बाद बल उसे अपनी जरूरत के हिसाब से उपकरणों एवं हथियारों से लैस करेगा।

### सेना को उन्नत हथियारों से लैस करने दी 9100 करोड़ के उपकरणों के खरीद को मंजूरी

रक्षा ने भारतीय सेना की ताकत में इजाफा करने के लिए मंगलवार को 9100 करोड़ रुपए की लागत से सैन्य उपकरणों और हथियारों की खरीद को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा खरीद परिषद की बैठक में 9100 करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्रालय ने बीयूवाय (इंडियन) श्रेणी के तहत बीडएल से इस खरिद को मंजूरी दी है। यह रक्षा मंत्रालय की अब तक की सबसे बड़ी खरीद है अधिकारियों ने बताया कि इस खरीद में आकाश मिसाइल प्रणाली के दो रेजीमेंट शामिल होंगे। साथ ही डीसीए ने टी 90 टैंकों के लिए पानी के नीचे सांस लने वाले उपकरण और गाइडेड वेपन्स सिस्टम के विकास को भी मंजूरी दी है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार आकाश मिसाइल के इस उन्नत संस्करण का कवरेज 360 डिग्री होगा। रक्षा मंत्री ने ट्वीट कर दी खरीद की जानकारी : रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर इस खरीद के बारे में जानकारी दी है।







# सचिन पुलिस स्टेशन कुछ समय के लिए होजीवाला रोड़ नं. 10 पर स्थानांतरित

सूरत। सचिन पुलिस स्टेशन कुछ समय के लिए होजीवाला रोड़ पर स्थानांतरित किया गया है। जहां पर पुरे विधिवत शास्त्र के अनुसार पूजा-अर्चाना कर पुलिस स्टेशन का शुभारंभ किया गया। इस पूजा में पुलिस स्टेशन पी.आई. आर. जे. गोहिल, सचिन नगर पालिका और कानकपुर नगर पालिका के गणमान्य व्यक्तियों सहित सचिन पुलिस का पुरा स्टाफ उपस्थित रहा।



सूरत। सचिन होजीवाला में सी.सी.टीवी के जरिए रोड़ पर निगरानी करता कर्मचारी।



## उधना पुलिस ने मुंबई से अगवा लड़की और अपहरणकर्ता को पकड़ा

सूरत। उधना पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी की मुंबई से अगवा कर लाई गई लड़की को उधना के महादेवनगर में किसी मकान में रखा गया है। पुलिस ने जांच कर पता लगाया की लड़की और आरोपी महादेवनगर सोसायटी के गेट के पास है और पुलिस ने उन्हें धर-दबोचा। जिसके बाद पुलिस उन दोनों को उधना पुलिस स्टेशन में ले गइ। अपहर्णकर्ता रेजौल उर्फ ईमरान पुत्र रोफीकुल महुमदईद्रीश ईस्लाम (23) कमल सर्कल के पास मार्बल वाली गली सोशीयों सर्कल खटोदरा में सिलाई का काम करता था। रेजौल उर्फ ईमरान मुल रुप से पश्चीम बंगाल का रहने वाला है।

## हिन्दु मुस्लिम एकता की मिशाल बना चांदी का ताजिया

सूरत। अरुणभाई सुपारीवाला द्वारा चांदी का ताजिया बनवाकर गोपीपुरा मोमनवाड़ में भीट दिया गया। अरुणभाई सुपारीवाला ने ये ताजिया अपनी एक मन्नत पुरी होने पर भेट किया है। अरुण भाई सुपारीवाला का एक हाथ काफी साल पहले एक दुर्घटना में टुट गया था जिसके ठिक करने के लिए उन्होंने यह मन्नत मांगी थी। जमाल मो. मोहमद भाई अचारवाला के नाम ये ताजिया गोपीपुरा मोमनवाड़ में प्रसिद्ध है।

## कडोदरा में युवक की पीटकर कर हत्या

सूरत। कडोदरा गांव में चल रहे झगड़े में बीच बचाव करने गए युवक की डंडे से पीटकर हत्या किए जाने की घटना प्रकाश में आयी है। कडोदरा पुलिस ने मामला दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कडोदरा शांतिनगर निवासी हसरत अली यारमहंमद अन्सारी मजदूरी कर परिवार का गुजारा चलाता था। हसरत अली का भाई सराफत अली का आरोपी कल्लु के बेटे के साथ झगड़ा हुआ था। जिसकी रंजिश में कल्लु, इम्तियाज, राजु केवट समेत पांच जन हसरत अली को पीट रहे थे। तभी याहमहंमद अन्सारी बीच बचाव में आया। तभी आरोपियों ने यारमहंमद की डंडे से पिटाई कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या का का मामला दर्ज कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## આ છે પાલી ગ્રામ પંચાયત નો સ્વચ્છ ભારત અભિયાન




## मुख्यमंत्री ने किया गुजरात एसटी निगम की 50 वोल्वो बसों का लोकार्पण

गांधीनगर। मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा कि यह सरकार सुसाशन के जरिए जनता को सर्वोत्तम सुविधाएं और सेवाएं मुहैया कराने वाली जनहितकारी सरकार है। गुरुवार को गांधीनगर में गुजरात राज्य सड़क परिवहन निगम लिमिटेड (जीएसआरटीसी) की ओर से जनता की सेवा में 50 नई वोल्वो बसों के लोकार्पण अवसर पर उन्होंने यह बात कही। उन्होंने विवाह के मौके पर बारात ले जाने के लिए रियायती दरों पर आवंटित की जाने वाली विशिष्ट बस सेवा का भी शुभारंभ कराया। विजय रूपाणी ने कहा कि सरकार के सड़क परिवहन, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित सभी विभागों में नागरिकों और जरूरतमंत गरीबों को श्रेष्ठतम सुविधाएं व सेवाएं मुहैया कराने का सरकार का ध्येय रहा है और रहेगा।

उप मुख्यमंत्री नितिनभाई पटेल, परिवहन राज्य मंत्री ईश्वरसिंह पटेल एवं अग्रणियों की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में विजय रूपाणी ने कहा कि राज्य के अहम तीर्थस्थलों एवं शहरों को आगामी दिनों में वोल्वो बस सेवा जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार संवेदनशीलता के साथ गरीब, वंचित और जरूरतमंद परिवारों के साथ हमेशा खड़े रहने वाली सरकार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे गरीब परिवारों में विवाह जैसे खुशी के अवसर पर बारात ले जाने के लिए सिर्फ 1200 से 3000 रुपए तक की न्यूनतम रियायती दरों पर एसटी बस सेवा मुहैया कराकर सरकार पूरी संवेदना के साथ इस बात का ध्यान रखती है कि ऐसे मौके पर होने वाली निजी वाहनों की दुर्घटना से खुशी का अवसर कहीं मातम में न बदल जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुविधाएं सिर्फ धनी वर्ग के लिए ही नहीं बल्कि गरीब से गरीब व्यक्ति को भी उसका लाभ मिले ऐसी हमारी मंशा है।

एसटी बसों में जीपीएस सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के साथ सीधे कनेक्शन से रियल टाइम मॉनिटरिंग और समय पालन जैसे मामलों में गुजरात एसटी निगम के देश में आगे रहने पर खुशी व्यक्त करते हुए रूपाणी ने निगमकर्मियों की कार्यक्षमता की सराहना की। उल्लेखनीय है कि गुजरात एसटी निगम द्वारा जनता की सेवा में उतारी गई 50 वोल्वो बसों में एलईडी टीवी, वाईफाई डिवाइसेज, हरेक सीट पर मोबाइल व लैपटॉप चार्जिंग प्लग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, विवाह के मौके पर बारात ले जाने के लिए रियायती दरों पर दी जाने वाली विशिष्ट बसें राज्य के सभी 125 एसटी डिपो को आवंटित की जाएंगी।

महादेव मीडिया
रोहताश यादव 9924144499, 7015339195


वीजिटिंग कार्ड, बिल बुक, लेटर पैड, बेनर, पोस्टर, आदि का डिजाइन बनवाने के लिए संपर्क करें। (हिन्दी, गुजराती)
हिन्दी, गुजराती न्युज पेपर डिजाईन करवाने के लिए संपर्क करें।
304 केवल कॉम्पलेक्ष नवा गाम, डिंडोली, उधना सूरत।

## विधानसभा में कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव खारिज

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा में कांग्रेस के उपनेता शैलेष परमार द्वारा सरकार के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। जिससे कांग्रेस विधायक भड़क गए और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा देख विधानसभा अध्यक्ष राजेन्द्र त्रिवेदी ने सार्जन्टों को आदेश दिया कि कांग्रेस विधायकों को सदन से बाहर किया जाए। जिसके बाद कांग्रेस के विधायकों को उठाकर सदन से बाहर किया गया। विपक्ष के नेता परेश धानाणी और अल्पेश ठाकोर समेत कई विधायक वॉकआउट कर गए। गुजरात विधानसभा के दो दिवसीय मानसून सत्र के दूसरे दिन अंतिम समय में कैग की रिपोर्ट सदन में पेश की गई।

## गणपति बप्पा मोरिया.....






सचिन सब्जी मंडी।



उधना पुलिस स्टेशन।



अरिहंत टेक्सटाईल मार्केट।



मोरारजी आवास उधना।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ऑफसेट एफपी. 149, प्लोट 26 खोडियार नगर, सिद्धीविनायक मंदिर के पास, (भाटेना) हॉ.सो. अंजना सूरत, गुजरात से मुद्रित, एवं 191 महादेव नगर, हरि नगर-2 के पीछे, उधना, जिला-सूरत, गुजरात से प्रकाशित, **संपादक :- सुरेश मौर्या** फोन नं. (9879141480) **RNI.No. : GUJHIN/2018/75100**, E-mail: krantisamay@gmail.com